तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 20. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 14 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

2 सूने मकान में चोरों का धावा, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार



## खबर संक्षेप

### 880 नशीली कैप्सूल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** बाइक में नशीली कैप्सूल का तस्करी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से 880 नग कैप्सूल बरामद किया गया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा का है। मिली जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को मुखबिर सूचना मिला कि दो व्यक्ति काले रंग के पल्सर मोटर सायकल में कोरबा तरफ से कोसमंदा गांव की तरफ आ रहे है और अपने कब्जे मे भारी मात्रा मे नशीली कैप्सूल रखे है। सूचना पर कोसमंदा रोड पहुंचकर घेराबंदी किया गया, जहां पल्सर बाइक में दो लोग आते दिखे जिन्हे रूकवाकर पूछताछ किया गया जो अपना नाम रामकिशोर कश्यप एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रदीप पटेल बताया जिनके कब्जे से कुल 469 स्ट्रीप में प्रत्येक स्ट्रीप में 08 नग कुल 3752 नग कैप्सूल कीमती 34813 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकल क्र सीजी 11 बीएम 2797 एवं 02 नग मोबाईल व नगदी रकम 20 सौ को जप्त कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। मामले में थाना चम्पा पुलिस आरोपी प्रकाश चौहान एवं सुनील विश्वकर्मा उर्फ शिबू जिला कोरबा को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार किया। पुलिस ने प्रकाश चौहान पिता सहारन चौहान उम्र 32 वर्ष निवासी जेपी कॉलोनी रामनगर कोरबा एवं सुनील विश्वकर्मा उर्फ शिबू पिता महेंद्र विश्वकर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी रामसागर पारा को पकड़ा गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक अशोक वैष्णव सहित स्टाफ का योगदान रहा।

### रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन रोकने हो रही कवायद

# गड्ढा खोदकर अवैध घाटों का मार्ग किया अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-पामगढ़



रेत का अवैध परिवहन रोकने खोदा गया गड्ढा।

जिले में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने एक ओर जहां वाहनों की धरपकड़ हो रही है तो वहीं पामगढ़ क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध घाटों का मार्ग अवरूद्ध करने भारी भरकम गड्ढा खुदवा दिया है। खास बात यह है कि इसके पूर्व अवैध रेत घाट वाले पंचायतों के सरपंचों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी।

जांजगीर चांपा जिले में रेत का अवैध कारोबार बीते सालों से चला आ रहा है। ऐसा भी नहीं है कि प्रशासन और विभाग द्वारा इस दिशा में कार्रवाई ना की जाती हो। बावजूद इसके तू डाल-डाल, मैं पात-पात की तर्ज पर रेत उत्खनन और परिवहन का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। इसी कड़ी में जिले के अपर कलेक्टर एवं पामगढ़ एसडीएम का दायित्व संभाल रहे आर.के. तंबोली ने सख्ती के साथ कार्रवाई करने की मुहिम छेड़ी है। इस दौरान क्षेत्र के अवैध रेत घाटों को चिन्हांकित करके जहां सरपंचों को इस अवैध कारोबार को रोकने के निर्देश दिए गए है, तो वहीं यह कारोबार नहीं रूकने पर संबंधित पंचायत के सरपंच के खिलाफ धारा 40 के तहत कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इसके साथ ही अवैध रेत घाटों का मार्ग अवरूद्ध करने गड्ढा खुदवाया जा रहा है।

### वित्तीय वर्ष में कुल 591 प्रकरण दर्ज, उडनदस्ता टीम दे रही दबिश



कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर राजस्व, पुलिस एवं खनिज के अधिकारियों के द्वारा समन्वय बनाकर संयुक्त कार्रवाई किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम हेतु और अधिक सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने राज्य शासन के निर्देशानुसार अवैध अफीम की खेती की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारी, सचिव व कोटवार एवं नगरीय क्षेत्रों में पटवारी, नगर पालिका व पंचायत की टीम द्वारा संयुक्त रूप से सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों को किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। खनिज अधिकारी ने बताया कि जिला उडनदस्ता दल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के कुल 591 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें 1 करोड़ 67 लाख 32 हजार 540 रूपये वसूल कर खनिज मद में जमा कराया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशन में राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए बम्हडीहीह अंतर्गत अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते पाये जाने पर 03 हाइवा जब्त कर थाना बम्हनीडीह सुपुर्द किया गया है।

### मूल्यांकन कार्य में अनियमतिता, उप अभियंता निलंबित

**सक्ती।** निर्माण कार्यो के मूल्यांकन में अनियमितता पाए जाने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता को निलंबित करने की कार्रवाई की गइ है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन द्वारा निर्माण कार्यों के मूल्यांकन में अनियमितता पाए जाने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता धनंजय सिंह चन्द्रा को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जांच प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग जैजैपुर द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के मूल्यांकन की जांच के संबंध में पत्राचार किया गया था। इस संबंध में प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विकास आयुक्त कार्यालय के माध्यम से सीसी रोड निर्माण कार्य पटेल गौटिया के घर से महमाया चौक की ओर, ग्राम पंचायत खजुरानी सहित अन्य निर्माण कार्यों की जांच के लिए प्रकरण प्राप्त हुआ था। इस पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सक्ती द्वारा कार्यालयीन पत्र के माध्यम से जांच दल का गठन किया गया। जांच प्रतिवेदन के अनुसार उप अभियंता धनंजय सिंह चन्द्रा द्वारा सीसी रोड निर्माण कार्य राजू पेटर के घर से बोरेई नदी की ओर ग्राम बरेकेलखुर्द, ग्राम पिसौद, सीसी रोड निर्माण कार्य पटेल गौटिया के घर से महमाया चौक की ओर ग्राम खजुरानी, शाप्राशा रीवाडीह में शौचालय निर्माण कार्य, शापूमाशाला रीवाडीह में शौचालय निर्माण कार्य तथा सीसी रोड निर्माण सुमित्रा के घर से आगे की ओर ग्राम पंचायत पिसौद का बिना कार्य पूर्ण हुए ही मूल्यांकन प्रस्तुत कर दिया गया था। जांच के बाद संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा उक्त कार्यों को पूर्ण कराया गया।

# बाड़ी में मिला नवजात, भेजा दत्तक ग्रहण एजेंसी को

### बिर्रा थाना क्षेत्र के बनडभरा का मामला



नवजात शिशु के साथ अधिकारियों की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ चिकित्सकीय जांच के बाद स्वस्थ मिला शिशु

बिर्रा थाना क्षेत्र के बनडभरा गांव में एक घर की बाड़ी में नवजात शिशु असुरक्षित एवं लावारिस हालत में मिला। सूचना पर पुलिस के साथ अधिकारियों की टीम पहुंची। नवजात को अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां से उसे दत्तक ग्रहण एजेंसी कोरबा के सुपुर्द किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनडभरा निवासी मनोज कश्यप पिता रामप्रसाद कश्यप, उम्र 30 वर्ष द्वारा पुलिस विभाग को सूचना दी गई कि उनके बाड़ी के बाथरूम के दीवार के किनारे जमीन पर एक अज्ञात नवजात बालक असुरक्षित एवं लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ है। चिकित्सकीय जांच के बाद शिशु स्वस्थ पाया गया। नवजात शिशु को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल वहां पहुंची। इस दौरान प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात महिला द्वारा नवजात को परित्याग करने के आशय से वहां छोड़ने की जानकारी मिली। पुलिस विभाग के सहयोग से जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम एवं चाइल्ड लाइन के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और नवजात शिशु को सुरक्षित वहां से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकीय जांच के बाद शिशु स्वस्थ पाया गया। आगे की प्रक्रिया के तहत नवजात शिशु को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा शिशु के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उसे तत्काल मातृ छाया विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, कोरबा में सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया है।



## क्राइम की खबरें

### पूज्य सिंधी पंचायत का चेट्रीचंड्र महोत्सव कल से

**कोरबा।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा चेट्रीचंड्र महोत्सव 14 मार्च से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान विविध कार्यक्रम होंगे। मुख्य कार्यक्रम 20 मार्च को सुबह बहराणे साहब की पूजा, रक्तदान शिविर, दोपहर में आम भंडारा व शाम को भव्य शोभायात्रा के रूप में होगा। पूज्य सिंधी पंचायत के सचिव नरेश जगवानी ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा ईष्ट देव वरुण अवतार सांई झूलेलाल का अवतरण दिवस चेट्रीचंडू महोत्सव 14 से 20 मार्च तक आस्था व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। 14 मार्च को सिंधु भवन रानी रोड में शाम 6 बजे भगवान झूलेलाल की स्तुति धुनी साहब एवं पूजा आरती भंडारे के साथ चेट्रीचंडू महोत्सव शुरू होगा। 15 व 16 मार्च को एसपीएल-2 क्रिकेट मैच सीएसईबी खेल मैदान में होगा। जिसमें समाज के युवक युवतियां भाग लेंगी। 19 मार्च को सुबह 8 बजे बाइक रैली झुलेलाल मंदिर से शुरू होगी, जो प्रमुख मार्ग से होकर संत कंवरराम उद्यान मेन रोड तक जाएगी। 20 मार्च को सुबह 10 बजे पूजा अर्चना श्री झूलेलाल मंदिर में होगी। इसी दिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सिंधु भवन में रक्तदान शिविर आयोजित होगा। दोपहर 1 बजे से आम भंडारा होगा। शाम 5 बजे बहराणे साहब की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा मंदिर से निकलेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। विसर्जन रात 10 बजे जोड़ापुल तुलसीनगर में होगा। 25 मार्च को झूलेलाल भगवान का महोत्सव सिंधु भवन में शाम 6 बजे मनाया जाएगा।

### सुदुर वनांचल क्षेत्र लेमरू बना मलेरिया मुक्त क्षेत्र

**कोरबा।** सुदुर वनांचल क्षेत्र लेमरू आज स्वास्थ्य जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की बदौलत मलेरिया मुक्त क्षेत्र की ओर अग्रसर हो गया हे। जिला मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। यह क्षेत्र पूर्व में मलेरिया प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। घने जंगल, कठिन भौगोलिक परिस्थितयाँ और स्वास्थ्य सुविघाओं तक सीमित पहुंच के कारण यहाँ हर वर्ष बरसात के मौसम में बड़ी संख्या में लोग मलेरिया से प्रभावित होते थे जागरूकता की कमी, समय पर उपचार न मिल पाने के कारण कई लोग गंभीर रूप से बिमार हो जाते थे। मलेरिया का भय इस क्षेत्र में ऐसा था कि बाहर या दूसरे क्षेत्र से आने वाले विभागिय या गैरविभागिय तथा अन्य सामान्य व्यक्ति बहुत मजबूरी में यहा आते थे। स्वास्थ्य विभाग इस बिमारी से चुनौती से सामना कर्मचारियों के आभाव के साथ जिला मुख्यालय से स्वास्थ्य कर्मियों की टीम महामारी के समय स्वास्थ्य शिविर लगाकर तथा लोगों को जागरूक करते लोगों को इस बिमारी से बचाने तथा इस बिमारी के आतंक को कम करने का प्रयास कर रहे थे।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त जारी

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के करोड़ों पात्र किसानों के योजना की 22वीं किश्त की राशि 13 मार्च को शाम 5 बजे गुवाहाटी, असम से सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इस अवसर पर देश भर के लगभग 9.32 करोड़ पात्र किसान परिवारों को 18,650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजना की शुरुआत से अब तक 21 किश्तों के माध्यम से 4.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को दी जा चुकी है। इस विशेष दिन को भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे देश में पी.एम. किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य में इस किश्त के माध्यम से कुल 24,71,498 अद्वितीय लाभार्थियों को 498.83 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होगी। आंकड़ों के अनुसार जिले के 79,629 किसानों के खातों में 16.14 करोड़ रुपये की राशि भेजी जाएगी। उत्सव दिवस के अवसर पर समस्त विलेज नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम पंचायतों के केंद्रीय स्थानों पर किसान सम्मेलन का आयोजन करें। इस दौरान किसानों को योजना का लाभ निरंतर प्राप्त करने हेतु आवश्यक घटकों जैसे ई-केवाईसी, आधार सीडिंग और फार्मर आईडी के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही, किसान नो योर स्टेटस मॉड्यूल के माध्यम से अपने खाते में जमा हुई राशि की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग ने सभी पात्र कृषकों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

# अब कोयला अधिकारियों का पदोन्नति के साथ तबादला अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोलइंडिया द्वारा जारी नए आदेश के तहत अब ई-5 से ई-6 ग्रेड के पदोन्नति पाने वाले कोयला अधिकारियों का एक अनुषंगी कंपनी से दूसरी अनुषंगी कंपनी में तबादला करना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि अनुरोध के आधार पर तबादला लेने वाले ऐसे अधिकारी जिन्होंने निर्धारित कार्यकाल पूरा नहीं किया है उन्हें उसी कंपनी में पदभार ग्रहण करने की अनुमति दी जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंधन ने एग्जिक्यूटिव जॉब रोटेशन व ट्रांसफर पॉलिसी में संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया है। जारी कार्यालय आदेश के अनुसार पदोन्नति के साथ होने वाले तबादलों और अधिकारियों को अस्थायी रूप से रोकने के प्रावधानों में बदलाव किया गया है। नए प्रावधान के तहत ई- 5 से ई- 6 ग्रेड में पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों का एक सहायक कंपनी से दूसरी सहायक कंपनी में तबादला अनिवार्य होगा। हालांकि जिन अधिकारियों ने अनुरोध के आधार पर ट्रांसफर लिया है और अभी निर्धारित कार्यकाल पूरा नहीं किया है, उन्हें अस्थायी रूप से वर्तमान कंपनी में पदभार ग्रहण करने की अनुमति दी जा सकती है। तय अवधि पूरी होने के बाद उन्हें अनिवार्य रूप से स्थानांतरित कंपनी में योगदान देना होगा। आदेश में यह भी प्रावधान किया गया है कि किसी भी सहायक कंपनी के सीएमडी को परिचालन जरूरतों को देखते हुए अधिकतम 5 प्रतिशत अधिकारियों को पदोन्नति के बाद अस्थायी रूप से रोकने का अधिकार होगा। यह रोक अधिकतम एक वर्ष तक ही प्रभावी रहेगी। इसके बाद संबंधित अधिकारी को स्थानांतरित कंपनी में ज्वाइन करना अनिवार्य होगा। इस अवधि के बाद न तो विस्तार दिया जाएगा और न ही पदोन्नति रद्द करने की अनुमति होगी।

## ई-5 से ई-6 के कोयला अधिकारियों पर लागू होगा नया नियम

**खास बातें**

- सीआईएल ने एग्जिक्यूटिव जॉब रोटेशन व तबादला पॉलिसी में संसोधन करते हुए किया नया आदेश जारी




### 15 वर्षों से एक ही इकाई में जमे हैं 1954 अधिकारी

कंपनी में 1954 की संख्या में ऐसे अधिकारी हैं तो एक ही इकाई में 15 वर्षों से अधिक समय से तैनात हैं। इनमें एसईसीएल में 451, बीसीसीएल में 191, सीसीएल में 250, इसीएल में 201, एमसीएल में 216, एनसीएल में 147, एनईसी में 7, डब्ल्यूसीएल में 352 अधिकारी शामिल हैं।

## मानिकपुर चौकी क्षेत्र के रविशंकर शुक्ल नगर की घटना

# सूने मकान में चोरों का धावा, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी की जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। जब मकान मालिक को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

**खास बात**

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को मिला सुराग


इस तरह चोरों ने सामानों का किया था बिखराव।

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रविशंकर शुक्ला नगर की है। यहां निवासरत ज्योति चंद्रा आरएसएस नगर के एमआईजी 2/113 में निवास करती है। वह भोपाल अपनी बहन के घर गई हुई थी। इस दौरान उसके घर में ताला बंद था। अज्ञात चोरों ने सुनेपन का फायदा उठाते हुए चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने चांदी की जेवरात सहित लगभग 3 लाख रुपए का माल पार कर दिया है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह हमेशा की तरह जब बाई घर में काम करने पहुंची तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है जिसके बाद उसने इसकी सूचना ज्योति चंद्रा को दी। जिसके बाद ज्योति चंद्रा ने अपने रिश्तेदार पारस चंद्रा को इसकी सूचना दी और पारस चंद्रा मौके पर पहुंचा और सूचना मानिकपुर चौकी पुलिस को दी गई। चोरी की सूचना पाते ही मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के दौरान जो बात सामने आयी है उसके मुताबिक चोरों ने घर में रखे सोने चांदी की जेवरात व 5 हजार नगदी सहित लगभग 3 लाख से अधिक का माल पार कर दिया है। चोरी की घटना के बाद पुलिस की टीम तत्काल एक्टिव हो गई और पुलिस ने आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों के गिरेबांह तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि पुलिस को चोरों के संबंध में अहम सुराग भी लगा है। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया जिसके आधार पर पुलिस चोरों की घटना को अंजाम देने वालों को पकड़ सकती है।

### सतनाम नगर में भी चोरी की घटना आयी सामने

चोरी की दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सतनाम नगर रिस्दी में घटित हुई है। यहां चोरों ने कुछ मकानों को निशाना बनाया है और नदी रकम सहित सामानों की चोरी कर ली है चोरी की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस घटना स्थल पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल ने जानकारी देते बताया कि सतनाम नगर में चोरों ने एक मकान से सामानों की चोरी की है, जबकि कुछ अन्य मकानों में चोरी का प्रयास हुआ है। चोरी की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन कर रही है।

# जनरल स्टोर्स में छापा 15 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त


जब्त सिलेंडर व टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडरों के दुरुपयोग पर प्रभावी रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा कोरबा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38, बालको रोड, चेक पोस्ट स्थित पवन जनरल स्टोर्स के प्रतिष्ठान एवं उससे संबंधित भंडारण स्थलों/गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

**खास बातें**

- राजस्व विभाग व खाद्य विभाग के संयुक्त दल ने की कार्रवाई
- एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में रिफलिंग कर ब्लैक में अधिक कीमत पर बेचा जा रहा था

निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल को प्रतिष्ठान द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग एवं अनधिकृत भंडारण किए जाने के महत्वपूर्ण प्रमाण प्राप्त हुए। जांच में कुल 15 नग घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर अवैध रूप से संधारित अवस्था में पाए गए, जिन्हें नियमानुसार तत्काल प्रभाव से जप्त कर लिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर द्वारा बताया गया है कि यहाँ एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडरों में रिफलिंग कर ब्लैक में अधिक कीमत पर बेचा भी जाता था। कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घरेलू उपयोग के लिए जारी किए गए एलपीजी सिलेंडरों का किसी भी प्रकार से व्यावसायिक उपयोग कानूनन दंडनीय है। जिले में ऐसे प्रकरणों पर जीरो टॉलरेंस की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे प्रतिष्ठानों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता होने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

संयुक्त जांच दल द्वारा प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी गैस वितरण एजेंसियों के साथ समन्वयन स्थापित कर ऐसे अनाधिकृत भंडारण एवं दुरुपयोग की घटनाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग न करें तथा यदि कहीं ऐसी गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत संबंधित विभाग या जिला प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन द्वारा प्राप्त हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली बिल भुगतान समाधान योजना की हुई शुरुआत, सरचार्ज होगा माफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का शुभारंभ हो गया है। योजना के तहत बीपीएल,

**खास बात**

- बिलासपुर सर्किल के लगभग 5 .91 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा छूट का लाभ

घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को बिजली बिल के सरचार्ज में सौ प्रतिशत तक छूट दी जाएगी एवं यानी यदि किसी उपभोक्ता पर लंबे समय से बिजली बिल का अधिभार जुड़ता जा रहा था, तो अब उसे पूरी तरह माफ किया जा सकता है। यह योजना 30 जून तक ही प्रभावशील रहेगी।

इस योजना के तहत 31 मार्च के पूर्व निष्क्रिय उपभोक्ताओं के लिए निम्नानुसार छूट दी गई है जिनमें बीपीएल श्रेणी में मूल राशि में 75 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट, घरेलू एवं कृषि श्रेणी में मूल राशि में 50 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट, इसके अलावा बीपीएल श्रेणी में 31 मार्च 2018 से 31 मार्च 2023 तक की अवधि में बकाया राशि हेतु मूल राशि में 50 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट, एवं 31 मार्च 2018 से पूर्व की अवधि के बकाया राशि हेतु मूल राशि में 75 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट। घरेलू एवं कृषि श्रेणी में बकाया राशि एकमुश्त भुगतान करने पर मूल राशि में 10 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज में सौ प्रतिशत की छूट, तीन किश्त में भुगतान करने पर मूल राशि में 5 प्रतिशत की छूट एवं सरचार्ज (अधिभार) में सौ प्रतिशत की छूट तथा छः किश्त में भुगतान करने पर मूल राशि में कोई छूट नहीं है परंतु सरचार्ज (अधिभार) में सौ प्रतिशत की छूट दी जाएगी। योजना में छूट का लाभ लेने के लिए अशासकीय घरेलू एवं कृषि श्रेणीं के पात्र सक्रिय उपभोक्ताओं को न्यूनतम 10 प्रतिशत बकाया राशि का भुगतान कर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। बीपीएल श्रेणियों के उपभोक्ताओं का पंजीयन निःशुल्क किया जाएगा। उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिजली कंपनी ने ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था भी की है।

# उद्योग मंत्री के प्रयासों से 4 सड़कों के डामरीकरण हेतु 5.93 करोड़ की राशि स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयासों से शहर के चार प्रमुख मार्गो के डामरीकरण हेतु 5.93 करोड़ की स्वीकृति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद से दी गई है। नगर निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन की पहल पर शहर के चार प्रमुख मार्गों के डामरीकरण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन सड़कों के डामरीकरण से शहर के लोगों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

जिन सड़कों के डामरीकरण की स्वीकृति मिली है उसमें सुनालिया ब्रिज से पावर हॉउस रोड फाटक अंडरब्रिज रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 112.55 लाख, पावर हाउस रोड फाटक से पुराना बस स्टैंड तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 156.90 लाख, जैन चौक से घंटाघर तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 125 लाख, घंटाघर से कोसाबाड़ी चौक तक सड़क डामरीकरण कार्य 199 लाख रुपए से मरम्मत होगा। कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के सशक्त नेतृत्व का नगर वासियों को निरंतर लाभ मिल रहा है। विगत डेढ़ महीने के भीतर लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति राज्य शासन से नगर निगम को मिल रही है। इसके पूर्व सीएसईबी चौक से कोसाबाडी तक गौरव पथ हेतु 36 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई। रानी रोड कोरबा से सर्वमंगला मंदिर के बीच हसदेव नदी पर रपटा निर्माण की स्वीकृति, अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से 15 विभिन्न विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।


लखनलाल।

### नर्मदा एक्सप्रेस को कोरबा तक विस्तार देने की मांग

**कोरबा।** नर्मदा एक्सप्रेस को कोरबा तक विस्तार देने की मांग तेज हो गई है। नर्मदा एक्सप्रेस बिलासपुर से सुबह 11.35 बजे इंदौर के लिए रवाना होती है। वहीं इंदौर से छूटकर बिलासपुर दोपहर 1.50 बजे पहुंचती है। कोरबा से इंदौर या फिर बीच के स्टेशनों की यात्रा करने वाले लोगों को कोरबा से सुबह 8.15 बजे की रायपुर पैसेंजर या फिर 6.30 बजे की हसदेव एक्सप्रेस में निकलना पड़ता है। वहीं वापसी में जिस समय यह गाड़ी बिलासपुर पहुंचती है, उस समय वहां से कोरबा आने कोई सीधी ट्रेन नहीं रहती है। सीधी ट्रेन के लिए वहां 3 घंटे बैठना पड़ता है। इसके बाद साढ़े पांच बजे मेमू लोकल मिलती है। इससे यात्रियों को अनावश्यक दौड़ लगानी पड़ती है। रेल सुविधा के मामले में कोरबा काफी पिछड़ा हुआ है। अब तक रायपुर-नागपुर रूट के लिए ही यहां से ट्रेन सुविधा मिल पाई है।

# विश्व किडनी दिवस पर एनकेएच में जागरूकता कार्यक्रम

कोरबा। विश्व किडनी दिवस के अवसर पर न्यू कोरबा हॉस्पिटल में डायलिसिस मरीजों के लिए जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों और उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किडनी रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, मरीजों को सही मार्गदर्शन देना और लंबे समय से उपचार करा रहे मरीजों का उत्साहवर्धन करना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बताया कि शुगर और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित नहीं रखने से किडनी खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए नियमित जांच, सही उपचार और संतुलित जीवनशैली अपनाना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर एमडी मेडिसिन डॉ. अविनाश तिवारी, डॉ. सी. भास्कर, मनोचिकित्सक डॉ. रजनी वर्मा, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ. सुदीप्ति साहा तथा डाइटिशियन रिया दुबे उपस्थित रहीं। सभी विशेषज्ञों ने मरीजों को नियमित डायलिसिस, संतुलित आहार, दवाइयों का समय पर सेवन और संक्रमण से बचाव के बारे में जानकारी दी।

## अतिक्रमण के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई

# मिनीमाता गर्ल्स से लगे नशापान की दुकानों को हटाया अतिक्रमण दस्ते ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कार्यवाही के दौरान निगम अमला की टीम व अन्य।


नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्कूल, कालेज व शैक्षणिक संस्थान के समीप के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं करना है, अगर कोई व्यापारी बिक्री करते हुए पाया जाता है तो उसके ऊपर कोटपा लागू की जाएगी। जोन कमिश्नर पवन वर्मा की अगुवाई में शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के उद्देश्य से नगर निगम कोरबा का बुलडोजर एक्शन मोड़ में देखने को मिला। निगम की टीम ने घंटाघर के आसपास सड़क किनारे ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से सड़क किनारे लगाए गए ठेलों और अस्थायी दुकानों को हटाते हुए पूरे इलाके को अतिक्रमण मुक्त कराया।

कार्यवाही का नेतृत्व कर रहे निगम अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान कलेक्टर कुणाल दुदावत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन पर चलाया जा रहा है। शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और नशे के अड्डों पर रोक लगाने के लिए लगातार इस तरह की कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन, निगम प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क पर काफी समय से किए जा रहे अतिक्रमण को आज हटाकर स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया, साथ ही अतिक्रमणकारियों को कड़ी हिदायत दी कि वे पुनः अतिक्रमण का प्रयास न करें, अन्यथा अतिक्रमण तो हटेगा ही, साथ ही अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित स्कूलों, कालेजों के समीप इस प्रकार की गतिविधियां व अतिक्रमणकर व्यवसाय का संचालन करना कतई स्वीकार्य नहीं होगा। स्कूल, कालेज के समीप अवैध रूप से ठेला गुमठी लगाकर कतिपय लोगों द्वारा व्यवसाय किया जाता है, इन ठेला, गुमठियों में तम्बाकू उत्पाद, गुटका, पान, सिगरेट आदि का विक्रय भी संभावित रहता है, साथ ही ये अवैध गुमटी, ठेले असामाजिक तत्वों के जमावडे.का अड्डा भी बनते है।

जांजगीर मार्केट

फर्नीचर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# धुरंधर 2 का पहला गाना आरी-आरी रिलीज...

**मुंबई।** जल्द ही फिल्म 'धुरंधर 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्देशक आदित्य धर के जन्मदिप पर 'धुरंधर 2' का पहला गाना 'आरी आरी'रिलीज हुआ। गाने में रणवीर सिंह का खूंखार लुक नजर आया।'आरी आरी'गाना फिल्म 'धुरंधर 2' का एंथम सॉन्ग है। फिल्म की कहानी को लेकर यह गाना काफी कुछ बयां कर रहा है। फिल्म में बदला लेने की हद को पार किया जाएगा, यह बात इस गाने में दिखे रहे विजुएल्स से समझ आती है।'आरी आरी'में रणवीर सिंह के अलावा फिल्म 'धुरंधर 2' के बाकी किरदारों की झलक भी मिलती है। गाने में फिल्म के कई सीन्स दिखाए जाते हैं, जो ट्रेलर में नहीं थे।

लाइफ Style

# जेनेलिया



## परफेक्शन नहीं, प्रगति पर फोकस करो

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने जिम से अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर साझा की है। इसके साथ उन्होंने सभी मांओं के नाम एक खूबसूरत मैसेज लिखा है। जेनेलिया डिसूजा चर्चित एक्ट्रेस होने के साथ-साथ दो बच्चों की मां भी हैं। उनके दो बेटे रियान और राहिल हैं।

जेनेलिया अपने परिवार को पूरा समय देती हैं। मगर, इसके साथ वे खुद पर भी पूरा ध्यान देती हैं। खासकर अपनी फिटनेस के बारे में कोई समझौता नहीं करती हैं। जेनेलिया ने आज गुरुवार को जिम से एक फोटो साझा की है। इसका कैप्शन और दमदार है। जेनेलिया डिसूजा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर की है। वे ब्लैक जैकेट और शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं। उनकी टीशर्ट पर लिखा है, 'आई'। बता दें कि मराठी में मां को आई कहते हैं। यह फोटो शेयर करते हुए जेनेलिया ने सभी मॉम को फिटनेस के प्रति जागरुक करते हुए मैसेज लिखा है। वे लिखती हैं, 'आई यानी मां जिम में। प्रोग्रेस पर फोकस करो, परफेक्शन पर नहीं। यह एक छोटा सा रिमाइंडर मेरे लिए है और साथ ही इसे पढ़ने वाली सभी माओं के लिए भी है'। जिम आउटफिट में हाथ में पानी की बोतल थामे जेनेलिया अपनी फिटनेस के प्रति पाबंद नजर आ रही हैं। जेनेलिया की टोन्ड बॉडी देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे अपनी सेहत और फिटनेस को लेकर कितनी जागरुक हैं। जेनेलिया के करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2003 में फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से डेब्यू किया था। इसी फिल्म से रितेश देशमुख ने भी डेब्यू किया था।

हॉलीवुड मसाला



# बिली दिखाएंगी अपना एक्टिंग टैलेंट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर सिंगर बिली एलिश ने अपने गानों से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह अपने अभिनय का हुनर भी दर्शकों को दिखाएंगी। एक चर्चित नॉवेल पर बन रही फिल्म से वह अपना एक्टिंग डेब्यू करने वाली है। हॉलीवुड सिंगर बिली इलिश अब बड़े पर्दे पर अभिनय करेंगी। वह फिल्ममेकर सारा पॉली की अगली फिल्म का हिस्सा हैं। बता दें कि साल 2023 में सारा पॉली की फिल्म 'वुमन टॉकिंग'ने बेस्ट स्क्रीनप्ले का ऑस्कर जीता था। चार साल बाद फिल्ममेकर सारा पॉली फिर से सक्रिय हुई हैं और बिली एलिश को लेकर फिल्म बना रही हैं।





# द ब्लफ बनी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' बहुत हिट हो गई है। यह एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है, जिसमें प्रियंका ने ब्लडी मैरी नाम की दमदार महिला डाकू का रोल किया है। फिल्म को मिली-जुली समीक्षाएं मिलीं, लेकिन दर्शकों ने इसे बहुत पसंद किया। फरवरी के आखिर में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' स्ट्रीमिंग ओरिजिनल फिल्मों के चार्ट में नंबर 1 पर पहुंच गई है। 27 फरवरी से 5 मार्च तक के आंकड़ों में इसने करीब 300.3 मिलियन मिनट का व्यूअरशिप हासिल किया। यानी यह फिल्म दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली ओरिजिनल फिल्म बन गई। प्रियंका के फैंस उनकी इस सफलता से बेहद खुश हैं और उन्हें अभिनेत्री की इस सफलता पर बहुत गर्व हो रहा है। फैंस लगातार सोशल मीडिया पर अपनी राय पेश कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'वह इसकी हकदार हैं, उन्होंने बहुत मेहनत की है'।



# रामायण के दूसरे पार्ट की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** रामायण फिल्म को लेकर नई-नई खबरें सामने आ रही हैं। बीते दिनों इसके कुछ फोटो वायरल हुए थे, जिन्हें शूटिंग से लीक हुए फोटोज बताया जा रहा था। लेकिन, बाद वे में वे फैक निकले। अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है। रणबीर कपूर की इस फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि रणबीर कपूर ने दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। इस पार्ट में माता सीता के अपहरण के बाद की घटनाओं का जिक्र होगा। फिल्म में भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे सनी देओल भी इस वीकेंड से शूटिंग में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'करीब दो महीने का शूटिंग शेड्यूल रखा गया है, जिसमें काफी बड़े एक्शन और ड्रामा वाले सीन शूट होंगे। कहानी अब भगवान राम के लंका जाने के सफर की ओर बढ़ेगी।



# अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा

**मुंबई।** आजकल हर कैटेगरी की फिल्में आ रही हैं। कुछ सिनेमाघरों में रिलीज होती है, तो कुछ ओटीटी पर। ऐसे में विशाल भारद्वाज का मानना है कि इस वक्त फिल्ममेकिंग एक मुश्किल दौर से गुजर रही है और अच्छे सिनेमा को संघर्ष करना पड़ रहा है। एक बातचीत में विशाल भारद्वाज ने कहा कि पहले ऐसी फिल्मों के लिए फंड जुटाना आसान था, जैसे उनकी फिल्म हैदर, अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर और विक्रमादित्य मोटवाने की उड़ान। लेकिन, अब हालात बदल गए हैं और इस तरह की फिल्मों के लिए पैसे जुटाना काफी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि आजकल फिल्मों के लिए एक तरह की लाइन खींच दी गई है। अगर कोई अलग तरह की कहानी होती है तो कहा जाता है कि इसे ओटीटी पर ले जाओ।

टीवी मसाला



# अर्चना ने श्वेत-रिद्धि की लव स्टोरी पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। इसमें टीवी एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने इशारों में इशारों में जाहिर कर दिया कि रियलिटी शो में एक नई प्रेम कहानी शुरू हो चुकी है। प्रोमो वह उस सेलिब्रिटी कपल के सामने भी यह बात कह देती है। जिसे सुनकर वो दोनों मुस्कुराने लगे। आखिर कौन है ये नया जोड़ा? अर्चना गौतम ने हालिया प्रोमो में एक्टर श्वेत तोमर और एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा की दोस्ती पर मजाक-मजाक में बड़ी बात कह दी। यह बात अर्चना ने रिद्धि और श्वेत के सामने कही। अर्चना बोलीं- 'तुम दोनों दोस्त नहीं गर्लफ्रेंड बॉयफ्रेंड ज्यादा लगते हो।'यह सुनकर दोनों मुस्कुराने लगते हैं। आगे प्रोमो में रिद्धि और श्वेत के बीच की केमिस्ट्री अलग-अलग अंदाज में दिखाई जाती है। एक जगह पर दोनों बड़े प्यार से गले लगते हुए नजर आए। अब तक दर्शकों ने कई रियलिटी शो देखे हैं, जिसमें सेलिब्रिटी कपल के बीच प्यार और दोस्ती हुई। लेकिन, शो से बाहर आने के बाद अधिकतर का रिश्ता खत्म हो गया। वहीं कुछ सेलेब्स ऐसे भी रहें, जिन्हें रियलिटी शो में प्यार हुआ और बाद में शादी भी की। 'द 50' में के ही प्रतियोगी प्रिंस नरुला और युविका चौधरी को भी 'बिग बॉस' रियलिटी शो में प्यार हुआ था, शो से बाहर आने के बाद दोनों ने शादी की। '

## तुलसी ने फिर मारी बाजी, अनुपमा दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** नौवें हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में कई उलट-फेर हुए हैं। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' थी पिछले हफ्ते की तरफ इस



बार भी नंबर वन की पॉजिशन पर बना हुआ है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल को 2.1 की रेटिंग मिली है। जबकि आठवें हफ्ते में सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की टीआरपी 2.0 रही है। इन दिनों सीरियल में काफी नए ट्विस्ट आ रहे हैं। सीरियल में लीड रोल में स्मृति ईरानी नजर आती हैं। सीरियल 'अनुपमा' को इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी इस हफ्ते 1.9 रही है। जबकि आठवें हफ्ते में भी इसकी टीआरपी 1.7 है। नौवें हफ्ते में इस सीरियल की टीआरपी बढ़ी है, क्योंकि शो में लीप आया है, कहानी ने नया मोड़ लिया है। टॉप 5 में तीसरे नंबर पर सीरियल 'तुम से तुम तक' रहा है, इसकी टीआरपी 1.7 रही है। जबकि चौथे नंबर पर सीरियल 'उड़ने की आशा' है, इसको 1.6 की टीआरपी मिली है। पांचवें नंबर पर सीरियल 'नागिन 7' है। सीरियल 'नागिन 7' को 1.6 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल की टीआरपी कम हुई है।

# मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है, ये लव जिहाद नहीं, सभी धर्मों का करती हूं सम्मान

*मुस्लिम एक्टर से शादी करने के बाद महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपनी शादी पर रिएक्शन दिया और लव जिहाद कहने वालों को जवाब दिया है। मोनालिसा भोसले, जो महाकुंभ की वायरल गर्ल के नाम से फेमस है। उन्होंने हाल ही में मुस्लिम एक्टर फरमान से शादी की है, जिसके बाद उन्होंने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपनी शादी पर रिएक्शन दिया है।*

**नई दिल्ली।** अपनी शादी को लव जिहाद कहने वाले लोगों को करारा जवाब दिया और बताया कि उन्होंने हिंदू रीति रिवाज से शादी की है। उन्होंने कहा- मैंने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है। ये 'लव जिहाद' नहीं है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं और हर धर्म को बराबर मानती हूं। हमारी जो शादी हुई है वो हिंदू रीति रिवाज से हुई है। वैसे तो ये मेरे से शादी करना नहीं चाहता था। मैंने ही खुद इनसे जबरदस्ती शादी की थी। मेरे मम्मी पापा घर पर किसी दूसरे से शादी करवाना चाहते थे। तो मुझे वो लड़का अच्छा नहीं लगा। बुआ का



लड़का था वो। बुआ के लड़के से मैं शादी करुंगी तो वह मेरा भाई लगा। इसलिए, मैंने सोचा कि मैं इनसे शादी नहीं करुंगी। पापा साथ में आए थे मेरे। अभी भी यहीं हैं मेरे पापा। लेकिन ,उन्होंने शादी अटेंड नहीं की। वो मेरे साथ में ही आए थे । अभी नाराज हैं। कल मिले थे हम उनसे। मोनालिसा के पति ने कहा, हमने कोई धर्म परिवर्तन नहीं किया है। मैंने वहीं मोनालिसा ने कहा, मैं सब धर्म को बराबर मानती हूं। वहीं ,उम्र का सबूत देते हुए कपल ने आधार कार्ड दिखाया, जिसमें उनकी उम्र कंफर्म की है।

# हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में फिर आया शाहरुख का नाम

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान ने एक बार फिर 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट' में अपनी जगह बनाई है। इससे खान का नाम भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक के तौर पर मशहूर हुआ है। इससे वैश्विक मंच पर एक अहम कारोबारी हस्ती के रूप में खान का रुतबा और मजबूत हुआ है।5 मार्च को जारी लिस्ट के मुताबिक, शाहरुख खान की नेट वर्थ लगभग 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो करीब 10,800 करोड़ रुपए है। इतनी दौलत के साथ वह दुनिया के कई मशहूर एक्टर्स में अपनी जगह बनाए हुए हैं। ग्लोबल वेल्थ रैंकिंग में भारत अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। अरबपतियों की संख्या के मामले में देश अभी तीसरे स्थान पर है। इस लिस्ट में 308 लोग शामिल हैं। चीन और अमेरिका इस रैंकिंग में सबसे आगे हैं। जिनके पास क्रमशः 1,110 और 1,000 अरबपति हैं। हुरुन लिस्ट में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की कई ग्लोबल हस्तियां भी शामिल हैं। म्यूजिक के बड़े नाम जैसे जे-जी, जिनकी नेट वर्थ करीब 2.8 बिलियन यूएसडी है; टेलर स्विफ्ट, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन यूएसडी है और रिहाना, जिनकी नेट वर्ष 1.5 बिलियन यूएसडी है, इस लिस्ट का हिस्सा हैं।



शाहरुख खान ने इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए रखी है, लेकिन रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पिछली बार के मुकाबले उनकी दौलत में थोड़ी कमी आई है। 2025 में, उनकी कुल संपत्ति लगभग 12,490 करोड़ रुपए (लगभग 1.4 बिलियन यूएसडी) आंकी गई थी। काम की बात करें तो, शाहरुख खान सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। इसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी होगी। इसमें रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन और अनिल कपूर सहित कई बड़े कलाकार शामिल हैं।

## प्रोड्यूसर की शूटिंग के दौरान मौत, 11 ऑस्कर जीत रचा इतिहास

# 67 साल पुरानी फिल्म ने स्टूडियो को दिवालिया होने से बचाया

*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो समय की कसौटी पर खरी उतरती हैं और इतिहास रचती हैं। 1959 में रिलीज हुई 'बेन-हर ' ऐसी ही एक फिल्म है, जिसने 11 ऑस्कर पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया. इस रिकॉर्ड की बराबरी बाद में 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स: द रिटर्न ऑफ द किंग' ने की. विलियम वायलर निर्देशित यह फिल्म लू वॉलेस के 1880 के उपन्यास 'बेन-हर: ए टेल ऑफ द क्राइस्ट' पर आधारित है। चार्लटन हेस्टन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म रोमन साम्राज्य के समय की पृष्ठभूमि पर बदले, विश्वास और मोक्ष की कहानी बयान करती है।*

### बदले की आग और विश्वास की रोशनी

फिल्म की कहानी बेन हर की है जो हालात के हाथों मजबूर होकर गुलाम बन जाता है। कुल मिलाकर इस कहानी में धर्म और कर्म दोनों का मर्म जोड़ा गया है। फिल्म की कहानी को खूब पसंद किया गया था और इसी वजह से यह दुनियाभर में पसंद भी की गई।

### सबसे महंगी फिल्म का सफर

'बेन-हर' का निर्माण एमजीएम स्टूडियो के लिए जीने-मरने का सवाल बन गया था. क्योंकि स्टूडियो दिवालिया होने की कगार पर था। फिल्म का बजट शुरू में 7 मिलियन डॉलर था, लेकिन यह बढ़कर 15.2 मिलियन डॉलर हो गया. जो उस समय की सबसे महंगी फिल्म थी। फिल्म की शूटिंग इटली के सिनेसिटा स्टूडियो में हुई, जहां 18 एकड़ का सेट बनाया गया। प्रोडक्शन अक्टूबर 1957 में शुरू हुआ, और शूटिंग मई 1958 से जनवरी 1959 तक चली। 12-14 घंटे के दिन और छह दिन का शेड्यूल था। इसका रथ दौड़ का सीन सिनेमा के इतिहास का सबसे प्रसिद्ध एक्शन सीक्वेंस बन गया।. इसे फिल्माने में पांच हफ्ते, 15,000 एक्स्ट्रा लगे और 18 रथ बनाए गए। याकिमा कैनट ने स्टंट निर्देशित किया। समुद्री लड़ाई के लिए कैलिफोर्निया में मिनिएचर जहाजों का इस्तेमाल किया गया। 200 ऊंट, 2,500 घोड़े और 10,000 एक्स्ट्रा थे। यही नहीं, प्रोड्यूसर सैम जिम्बालिस्ट की शूटिंग के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई।



### सिनेमा का मील का पत्थर

बॉक्स ऑफिस पर 'बेन हर' 1959 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म थी, कुल 146.9 मिलियन डॉलर की कमाई. फिल्म ने एमजीएम को दिवालिया होने से बचाया. 'बेन-हर' ने एपिक फिल्मों को नई दिशा दी। आज भी इसका रथ दौड़ सीन एक्शन का बेंचमार्क है। 1971 में टीवी पर इस फिल्म को 8.58 करोड़ दर्शकों ने देखा। यह फिल्म क्षमा, विश्वास और मानवता की सीख देती है, जो समय से परे है।

### बेन-हर स्टारकास्ट और ड्युरेशन

चार्लटन हेस्टन ने बेन-हर का किरदार निभाया, जबकि स्टीफन बॉयड मेसाला बने. जैक हॉकिंस, हाया हरारीत, ह्यू ग्रिफिथ आदि मुख्य भूमिकाओं में थे। विलियम वायलर ने निर्देशन किया। रोमन भूमिकाओं के लिए ब्रिटिश एक्टर्स और यहूदी के लिए अमेरिकी चुने गए। फिल्म का ड्युरेशन लगभग तीन घंटे 32 मिनट है। बेन-हर (1959) फिल्म को ऑस्कर में 12 नॉमिनेशन मिले थे, जिनमें से ये 11 कैटेगरी ऑस्कर जीतने में कामयाब रही।

खबर संक्षेप

## यूनिवर्सिटी नेटबाल टीम ने क्वार्टर फाइनल में बेंगलुरु विवि को हराया



**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल में छत्तीसगढ़ के शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की टीम ने स्वर्णिम इतिहास रचते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। देश भर के 108 विश्वविद्यालयों की कड़ी चुनौती के बीच नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने विजय अभियान को जारी रखा और क्वार्टर फाइनल में बेंगलुरु यूनिवर्सिटी को धूल चटाकर अंतिम चार में जगह बनाई। प्रतियोगिता के सफर में टीम का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। अपने पहले लीग मैच में राजस्थान की चित्तौड़ यूनिवर्सिटी को हराने के बाद, टीम ने दूसरे मैच में यूनिवर्सिटी ऑफ केरला को 39-37 के रोमांचक अंतर से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में टीम ने गोंडवाना यूनिवर्सिटी (महाराष्ट्र) पर 24-09 की एकतरफा जीत दर्ज की, वहीं चौथे लीग मैच में विश्वेश्वरैया यूनिवर्सिटी (चेन्नई) को 38-32 से मात दी। सेमीफाइनल की राह तय करने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए बेंगलुरु यूनिवर्सिटी (कर्नाटक) को 46-40 से शिकस्त दी। खास बात यह है कि इस उपलब्धि में जांजगीर-चांपा और रायगढ़ जिले का विशेष योगदान है। टीम के कप्तान शैलेंद्र गहरा सहित 10 खिलाड़ी जांजगीर-चांपा के हैं, जबकि 2 खिलाड़ी रायगढ़ जिले से ताल्लुक रखते हैं। टीम में कप्तान शैलेंद्र के साथ निहाल पांडे, प्रशांत चेहरा, रोशन लाठियां, देवेश दीवार, हिमांशु कहरा, नमनदीप टंडन, कार्तिक, ऐश्वर्या यादव, दीपक और अक्षय जैसे कुल 12 होनहार खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के शानदार प्रदर्शन पर शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति ने टीम को बधाई दी है विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर सौरभ प्रधान ने विश्वविद्यालय टीम को सेमीफाइनल के लिए शुभकामनाएं दी। टीम की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे नेट बॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव व कोच राजेश राठौर और टीम मैनेजर देवनारायण का कुशल मार्गदर्शन रहा है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग में अधीक्षक पद पर नियुक्त हुए रविन्द्र



**मुलमुला।** ग्राम पंचायत कोनारगढ़ निवासी रविंद्र कुमार नोर्गे को महिला एवं बाल विकास विभाग में अधीक्षक पद पर नियुक्त किया गया है। ग्राम कोनारगढ़ पहुंचने पर ग्रामीण व क्षेत्र के नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। रविंद्र कुमार को मुख्य मार्ग मूलमुला कोनार मोड़ से डीजे के साथ फूल माला पहनाकर रंग गुलाल खेलते हुए उसके इष्ट मित्र नाचते गाते हुए उसके निवास स्थान पहुंचे। उन्होंने इस पद के लिए संघ लोक सेवा आयोग के कुल 47 उम्मीदवारों की चयन सूची में 25 वी रेन्क प्राप्त कर प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त किया। उनके पिता राधेश्याम नोर्गे ग्राम पंचायत कोनारगढ़ के पूर्व सरपंच भी रह चुके हैं।

## होली मिलन समारोह में आपसी भाई-चारे मजबूत बनाने पर दिया जोर



**जैजैपुर।** सद्भावना भवन में पत्रकार संघ के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के अधिकारी सहित स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रशेखर सुर्यवंशी, वरिष्ठ पत्रकार शशांक दुबे सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पत्रकार साथी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया। साथ ही आपसी भाई चारे के संबंध को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इसके अलावा समाज में व्याप्त राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने का संकल्प दोहराया। शशांक दुबे ने कहा होली का पर्व सद्भाव शांति खुशहाली एवं सौहार्द का प्रतिक है। यह पर्व रंगों का त्यौहार है। आपसी भाई चारे का अनोखा उपहार है। इस दिन हमें सभी गिले शिकवे को भुला कर भाईचारे के संबंधों को मजबूत करना होता है। कार्यक्रम का आयोजक छोटा भाई, चंदन धीवार एवं पत्रकार साथियों ने किया। इस अवसर पर पत्रकार चित्र भानु पांडे, संतोष चन्द्रा, जी के कुर्रे, कार्तिक चन्द्रा, गोरे चन्द्रा, सालिक आदित्य, हुलाश चन्द्रा, पिताम्बर चन्द्रा, राजू यादव, युवराज यादव, मुकेश देवांगन, निलेश देवांगन, राम प्रकाश देवांगन, पुष्पेन्द्र जांगड़े, राजेश खंडे, कमलेश मेहरा, देवेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## तहसील साहू संघ का कर्मा जयंती समारोह 15 को

**जांजगीर-चांपा।** तहसील साहू संघ जांजगीर अंतर्गत समस्त ग्राम पदाधिकारी गण, परिक्षेत्र पिसौद, जांजगीर, भड़ेसर एवं तहसील जांजगीर के समस्त पदाधिकारी गण की उपस्थिति में रविवार 15 मार्च को भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन जांजगीर में प्रातः 10 बजे से माता कर्मा जयंती समारोह मनाया जावेगा। साहू समाज के आराध्य माता कर्मा की जयंती भव्य रूप से मनाने पदाधिकारी जुटे हुए है। सभी स्वजातीय बंधु, बहनो से अधिकाधिक रूप से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### स्कूल स्टाफ के साथ डीईओ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, कहा होना चाहिए सुधार

# मुख्यालय के ही पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय में भारी अव्यवस्था, औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शुक्रवार 13 मार्च को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं में कमी मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने लैब, जिम, खेलकूद सामग्री, लाइब्रेरी, साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया एवं साफ-सफाई संसाधनों को दुरुस्त करने सहित शीघ्र आवश्यक सुधार करने संबंधित अधिकारी एवं प्राचार्य को निर्देश दिए।

- साफ-सफाई बदहाल, लैब, जिम, खेलकूद सामग्री, लाइब्रेरी की स्थिति भी ठीक नहीं

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी तथा विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कक्षाओं में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था, विद्यार्थियों के बैठने की स्थिति तथा उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। इस दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वाटर कूलर के आसपास साफ-सफाई रखने तथा वहां सोकपिट निर्माण कराने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने और पानी की टंकी की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शौचालयों की साफ-सफाई और रखरखाव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके अलावा विद्यालय में स्थापित सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन के सुचारू संचालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय की लैब का निरीक्षण करते हुए प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरण और लैब को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने तथा विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयोगशालाओं का नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान मिल सके। इसके अलावा कलेक्टर ने विद्यालय की लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स कक्ष, जिम तथा रोबोटिक लैब का भी अवलोकन किया। उन्होंने खेल सामग्री के नियमित उपयोग के लिए हॉल में समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। साथ ही लाइब्रेरी में पुस्तकों के संधारण एवं निर्गमन की प्रक्रिया को कंप्यूटरीकृत करने के निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकों की उपलब्धता और उपयोग में आसानी हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों एवं अभिलेखों का भी अवलोकन किया और उनके नियमित अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय भवन के कुछ कक्षों की मरम्मत कराने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्र सुधार करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।



लाइब्रेरी में संधारित पंजी का अवलोकन कर शिक्षिका से जानकारी लेते कलेक्टर।



## 1 लाख 18 हजार किसानों के खाते में आई सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 1 लाख 18 हजार 890 किसानों के बैंक खातों में 23.91 रुपए की राशि जारी हुई। जिला मुख्यालय जांजगीर के कृषि विज्ञान केन्द्र में पीएम किसान उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- कृषि विज्ञान केन्द्र में पीएम किसान उत्सव दिवस का हुआ आयोजन

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शुक्रवार 13 मार्च को देशभर के किसानों के खातों में 22वीं किस्त की राशि जारी की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीबीटी के माध्यम से पात्र किसानों के बैंक खातों में 18650 हजार करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर जिला मुख्यालय में कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे (च) जांजगीर में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के 1 लाख 18 हजार 890 किसानों के डीबीटी बैंक खाते में 23.91 करोड़ रूपए अंतरित की गई है। इसके साथ ही जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन कर लाइव प्रसारण देखा गया। किसानों ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कृषि विभाग के उप संचालक राकेश कुमार शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ रबी फसलों में दलहन और तिलहन फसलों के क्षेत्र में विस्तार करने कहा। उन्होने जिले के किसानों को मिट्टी परीक्षण की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. के. डी. महन्त ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व और लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही जीवामृत एवं बीजामृत बनाने की विधि और उपयोग के बारे में बताया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्यगण, जनपद सदस्यगण, कृषकगण, गुलाब सिंह चंदेल, सरपंच जर्वे (च) कमल कश्यप, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## रेल मंत्री से बाराद्वार रेलवे स्टेशन में शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन स्टापेज की मांग

**बाराद्वार।** बाराद्वार रेलवे स्टेशन पर शालीमार एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग को लेकर सांसद कमलेश जांगड़े ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान सांसद ने क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को रखते हुए बाराद्वार रेलवे स्टेशन पर शालीमार-हावड़ा हावड़ा-शालीमार के ठहराव की आवश्यकता बताई, जिस पर केंद्रीय रेल मंत्री ने बाराद्वार में एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से बाराद्वार रेलवे स्टेशन पर अनेक एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग करते आ रहे हैं। यहां से खाद्यान, आयरन ओर, कोयला एवं डोलोमाइट लदान से रेलवे को बड़ी आमदनी होती है अर्थात बिलासपुर जोन के लिये रेवेन्यू की दृष्टि से बाराद्वार प्रमुख रेलवे स्टेशन है। इसी तरह बाराद्वार के पांच किलोमीटर के दायरे में कलेक्टोरेट एवं अन्य महत्वपूर्ण निजी संस्थानों के दफ्तर आते हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर, सक्ती एवं जांजगीर-चांपा के अनेकों गांव रेलवे की दृष्टि से बाराद्वार से सीधे जुड़े हुए हैं। वे यहां से आगे की यात्रा करते हैं, इसी तरह बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए विभिन्न नगरों को आते-जाते हैं, लेकिन पर्याप्त ट्रेनों का ठहराव न होने के कारण यात्रियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



इस संबंध में लोगों का कहना है कि बाराद्वार रेलवे स्टेशन पर अधिक ट्रेनों का स्टॉपेज होगा तो यात्रियों को सुविधा मिलेगी, वहीं रेलवे विभाग को भी राजस्व में वृद्धि होगी। इसी मांग को लेकर अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि अमित कलानोरिया सहित अनेक नागरिकों ने सांसद कमलेश जांगड़े को को मांग पत्र सौंपा था। जिसके आधार पर सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर बाराद्वार के नागरिकों की समस्याओं से अवगत कराया।

## भाजयुमो शिवरीनारायण मंडल के मीडिया प्रभारी बने मेलाराम

**खरौद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा शिवरीनारायण मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। इसमें रिंगनी निवासी मेलाराम कश्यप को भाजयुमो शिवरीनारायण मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा, भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े के मार्गदर्शन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश सिंह के निर्देश पर भाजपा शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला की सहमति से मंडल अध्यक्ष ललित कश्यप द्वारा की गई है। मेलाराम कश्यप ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।



## सुरक्षा नियमों का पालन कर रोक सकते हैं अधिकांश दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी लिमिटेड में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, दुर्घटनाओं की रोकथाम करना तथा कर्मचारियों में सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना था।

- जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी में 55 वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह आयोजित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अश्वनी पटेल शामिल हुए। कारखाना अधिभोगी छबिनाथ सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में फैक्ट्री मैनेजर अश्वनी मित्तल, जितेंद्र त्रिपाठी, अभिषेक शर्मा, प्लांट सुरक्षा विभाग से देवेंद्र पांडा मंचस्थ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा सप्ताह भर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अश्वनी पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि कार्यस्थल की जिम्मेदारी और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि सभी कर्मचारी सुरक्षा नियमों का पालन करें तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों से हमेशा सुरक्षा मानकों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। सप्ताह भर चले इस अभियान के दौरान कर्मचारियों के लिए विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित हुआ। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया।




कर्मचरियों को सुरक्षा के बारे में जानकारी देते अधिकारी।

## भारतीय कम्प्यूनिस्ट पार्टी की बैठक में आज विभिन्न बिंदुओं पर होगी चर्चा

**सक्ती।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक शनिवार 14 मार्च को झूलकदम पारा में बने किसन अंगूरी मधुबन में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में जिले के पार्टी के जिला परिषद सदस्य शामिल होंगे। बैठक में ज्वलंत समस्याओं, जिले में राखड़ डंपिंग, सुप्रीम कोर्ट के द्वारा निर्धारित मापदंडों का उलंघन कर नदी नालों के पास करने पर रोक लगाने, ओव्हर लोड़ गाडियों के चलने से सड़कें जर्जर ही रही हैं, जिसे देखते हुए केवल जब्त नहीं राज सात करने, आगामी खरीफ फसलों के लिए रासायनिक खाद का पर्याप्त भंडारण किए जाने, रेल सुविधा विस्तार कराने, गरीबों को काबिज जंगल जमीन का पट्टा दिलाने, उद्योग लगाने के नाम पर किसानों के अधिग्रहित जमीनों को उद्योग नहीं लगपाने के कारण नियमतः वापस किए जाने पर विचार विमर्श किया जाएगा और केन्द्र व प्रदेश सरकारों के जन विरोधी नीतियों पर विचार विमर्श कर आन्दोलन की रुपरेखा तैयार किया जाएगा। बैठक में मार्ग दर्शन के लिए पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कामरेड लाखन सिंह अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड अनिल शर्मा ने दी।

## चलित स्वास्थ्य इकाई से 2 सौ ग्रामीण हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट ने स्वयंसेवी संगठन पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से चलित स्वास्थ्य इकाई की शुरूआत की है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'आरोग्य परियोजना' के अंतर्गत संचालित पहल से ग्राम पंचायत सिंघीतराई, ओड़ेकेरा और निमोही के 7000 नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी देवेंद्र कुमार पटेल ने जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चलित स्वास्थ्य इकाई को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन समारोह के उपरांत सिंघीतराई, बेनीपाली, निमोही और कठर्रापाली में



आयोजित शिविरों से लगभग 200 नागरिक लाभान्वित हुए। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को पोषाहार एवं स्वच्छता के महत्व से परिचित कराया गया। चलित स्वास्थ्य इकाई में एमबीबीएस डॉक्टर के साथ अन्य प्रशिक्षित चिकित्साकर्मी सेवाएं दे रहे हैं। चलित स्वास्थ्य इकाई के उद्घाटन पर वेदांता पावर बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा कि ''स्वस्थ भारत बनाने के विजन के अनुरूप वेदांता पावर हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सरकारों, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों, उद्योगों और समुदायों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर व्हीएलसीटीपीपी के प्रचालन एवं अनुरक्षण प्रमुख सुसीम बेहरा, वाणिज्य प्रमुख मयंक पतंगीवार और पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन नई दिल्ली की परियोजना प्रमुख अंजना कुमार मौजूद थीं। कार्यक्रम में देवरघटा बीडीसी सदस्य काजल किरण डनसेना, सिंघीतराई के उप सरपंच नरेंद्र डनसेना, अमृत डनसेना, बलदेव टंडन एवं चंद्रिका चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में व्हीएलएसीटीपीपी की पहल को प्रशंसनीय बताया।

### गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

# समर कैम्प से पढ़ाई के अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा निखारने का मिलता है अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 10 मार्च से 24 मार्च तक ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस समर कैंप में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक और कौशल आधारित गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रतिभा, आत्मविश्वास और पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक, तकनीकी और खेलकूद संबंधी गतिविधियों से जोड़कर उनके बौद्धिक, शारीरिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है।

प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि समर कैंप बच्चों के लिए सीखने का एक आनंददायक माध्यम है। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करने में सहायक होती हैं। समर कैंप के दौरान प्रशिक्षकों और शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। बच्चों ने सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहें है। प्रशासक विपिन गुप्ता ने कहा कि विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह वह स्थान है जहां बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और व्यक्तित्व का निर्माण होता है। विद्यालय परिसर में समर कैंप के उद्घाटन एवं आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।



समर कैम्प में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

